बिहार शिक्षा परियोजना, वैशाली
शिक्षा भवन, दिग्घी कला, हाजीपुर
पिन कोड–844102

Bihar Education Project, Vaishali
Shiksha Bhawan, Dighi Kala, Hajipur
Pin Code- 844102

पत्रांक 951/

प्रेषक :

संतोष कुमार
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
(प्रा0शि0 एवं सर्व शिक्षा अभियान), वैशाली

सेवा में,

प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्रधानाध्यापक / प्रधान शिक्षक
सभी मध्य, माध्यमिक / उच्च माध्यमिक विद्यालय (कक्षा 8 से 11 संचालित)
जिला–वैशाली।

हाजीपुर, दिनांक 20/4/2026

विषय : प्रेरणा अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत विद्यालय स्तर पर गठित विभिन्न क्लबों के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम अन्तर्गत विकसित भारत तथा राष्ट्र के प्रति मेरा योगदान विषय से संचालित गतिविधियों के विजेता छात्रों में से सर्वश्रेष्ठ 2 छात्रों की प्रतिभागिता जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव प्रतियोगिता अन्तर्गत दिनांक 24.04.2026 पूर्वाह्न 09 बजे से जवाहर नवोदय विद्यालय लालगंज वैशाली में कराने के संबंध में।

प्रसंगः राज्य कार्यालय पत्रांक 68 दिनांक 05.01.2026 एवं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय ज्ञापांक 45 दिनांक 08.01.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधनी पत्र के आलोक में सूचित करना है कि स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रेरणा अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई है, जिसके अन्तर्गत वडनगर (गुजरात) के वर्नाकुलर स्कूल परिसर में विद्यार्थियों को अनुभवात्मक मानवीय मूल्यों से संबंधित शिक्षण एवं राष्ट्रीय गौरव की भावना को विकसित करने के उद्देश्य से भ्रमण कराया जाता है। विद्यार्थियों के चयन के लिए पंजीकरण प्रक्रिया प्रेरणा पोर्टल (https://prerana.education.gov.in) के माध्यम से कराया गया है साथ ही चयन हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) भी साझा की गई है, जिसमें कक्षा 8 से 11 के छात्रों के लिए विद्यालय स्तर पर गठित विभिन्न क्लबों के माध्यम से विकसित भारत तथा राष्ट्र के प्रति मेरा योगदान विषय पर निबंध, कविता, कहानी, चित्रकला प्रतियोगिता से संबंधित गतिविधियाँ / कार्यक्रम आयोजित कराई गई थीं।

ज्ञात हो कि प्रासंगिक पत्र के माध्यम से जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव प्रतियोगिता के क्रियान्वयन हेतु नवोदय विद्यालय को नोडल नामित किया गया है तथा **दिनांक 24.04.2026 पूर्वाह्न 09 बजे से जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय वफापुर शर्मा लालगंज वैशाली** (पिन कोड 844123) में किया जा रहा है।

अतः उपर्युक्त आलोक में आपको निदेश दिया जाता है कि जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव प्रतियोगिता में विद्यालय के एक नोडल शिक्षक / शिक्षिका के साथ विद्यालय स्तर पर संचालित गतिविधियों के विजेता छात्रों में से सर्वश्रेष्ठ 2 छात्रों (अधिकतम 2 छात्रों – आदर्श स्थिति अन्तर्गत एक छात्र + एक छात्रा) को उनके प्रदर्शों के साथ ससमय प्रतिभागिता सुनिश्चित करायेंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में छात्रों की प्रतिभागिता हेतु यात्रा व्यय आदि का वहन छात्र / विकास कोष से किया जा सकता है।

विश्वासभाजन

Sd/- 20/4/26

(संतोष कुमार)
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रा0शि0 एवं समग्र शिक्षा, वैशाली

ज्ञापांक 951 हाजीपुर / दिनांक 20/4/2026

प्रतिलिपिः प्राचार्य, पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय वफापुर शर्मा लालगंज वैशाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव प्रतियोगिता अन्तर्गत जिले के छात्रों की प्रतिभागिता हेतु आवश्यक तैयारी / व्यवस्था कराने का कष्ट करेंगे।

प्रतिलिपिः सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, जिला–वैशाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद पटना की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

20/4/26

Sd/- 20/4/26

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रा0शि0 एवं समग्र शिक्षा, वैशाली

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
वैशाली

Mobile: 8544412080
E-mail:- bepssavaishali@gmail.com
Website:- bepssavaishali@gmail.com

Scanned with OKEN Scanner